दैनिक भास्कर

अपराध / लुधियाना में अम्बाला की कंपनी का नकली हैंड सेनिटाइजर बना रहे थे बाप-बेटा, पकड़ाए

- **टोल फ्री नंबर पर खराब सेनेटाइजर की मिल रही थी शिकायत, जाल बिछा पकड़े, बेटा भागा, बाप पकड़ा गया**

Father and son were making fake hand sanitizer of Ambala's company in Ludhiana, caught

Jun 16, 2020, 04:13 AM IST

अम्बाला. अम्बाला की फार्मास्युटिकल कंपनी रॉन एंड बेकर के ब्रांड मैड शील्ड नाम से लुधियाना में नकली हैंड सेनिटाइजर बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर की गई है। जानकारी के मुताबिक कंपनी के टोल फ्री नंबर पर पिछले कुछ दिनों से खराब और बदबू वाले हैंड सेनिटाइजर की शिकायत मिल रही थी। छानबीन के बाद पता चला कि लुधियाना में मल्ही फार्म की बैकसाइड पर कंपनी के नाम से नकली हैंड सेनिटाइजर बन रहे हैं। जिस पर कंपनी द्वारा लुधियाना के ड्रग विभाग को जानकारी दी गई। ड्रग विभाग और पुलिस द्वारा सोमवार को फोर्ड गाड़ी में नकली सेनिटाइजर ले जाते हुए बाप-बेटा को पकड़ा गया। मौके पर गाड़ी से 120 मिलीलीटर की 1200 बोतलें पकड़ी गई।

जानकारी के मुताबिक घर पर ही इनके द्वारा नकली सेनिटाइजर बनाया जा रहा था। जिसके लिए एक लड़का भी रखा गया था। दबीश करने पर बेटा मौके से भाग निकला लेकिन बाप को पकड़ लिया गया। जिसके बाद जगतपुरी थाने पर बाप-बेटा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

Source: https://www.bhaskar.com/local/haryana/ambala/news/father-and-son-were-making-fake-hand-sanitizer-of-ambalas-company-in-ludhiana-caught-127414380.html